भ्रष्टाचार

सचिव, उपयंत्री और सरपंच पति रच रहे इतिहास, कमीशनखोरी के भेंट चढ़ा विकास

# कठार पंचायत में सरकारी राशि की सरेआम लूट !

**चिल्हारी नवभारत 7 मई।** उमरिया जिले की जनपद पंचायत मानपुर किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अतीत में भ्रष्टाचार के ऐसे-ऐसे कीर्तिमान यहां स्थापित किए गए हैं कि प्रबुद्ध जनों ने इसे एशिया की सबसे भ्रष्ट जनपद के खिताब से नवाज दिया था।

ऐसा प्रतीत होता है कि ग्राम पंचायत कठार ने इस कलंकित विरासत को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठा लिया है। विकास के नाम पर यहां सरकारी खजाने की जो बंदरबांट मची है, उसने तंत्र की शुचिता पर कालिख पोत दी है। ताजा मामला अवधलाल के घर के पास बनी पुलिया का है, जो निर्माण के साथ ही भ्रष्टाचार के मलबे में तब्दील होती दिख रही है।



### सरपंच पति का समानांतर शासन

कठार पंचायत में लोकतंत्र का मजाक इस कदर उड़ाया जा रहा है कि निर्वाचित महिला सरपंच रीता पटेल सिर्फ रबर स्टैंप बनकर रह गई हैं। पंचायत की कमान उनके पति के हाथों में है, जो ऑफ-रिकॉर्ड सर्वेसर्वा बने बैठे हैं। सूत्रों का दावा है कि पुलिया निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत एजेंसी थी, लेकिन उक्त कार्य ऑफ द रिकॉर्ड ठेके पर दे दिया गया। सरपंच पति के इसी हस्तक्षेप और दबंगई के कारण पंचायत के विकास कार्यों में गुगवता की बाल चढ़ाई जा रही है।

**अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली स्थिति**

अवधलाल के घर के पास पुलिया निर्माण के लिए पांचवें वित्त आयोग से 2 लाख 86 हजार रुपये की स्वीकृति मिली थी। नियमानुसार, इसमें 2 लाख 43 हजार रुपये निर्माण सामग्री और 43 हजार रुपये मजदूरी पर खर्च होने थे, लेकिन यहां तो अंधेर नगरी, चौपट राजा वाली स्थिति है। निर्माण कार्य 23 मार्च 2026 को शुरू हुआ और चंद दिनों के भीतर ही वेंडरों को भारी-भरकम भुगतान कर दिया गया। अप्रैल महीने में आनन-फानन में पांच बिल लगाकर सामग्री की पूरी राशि आहरित कर ली गई।

### उपयंत्री की मौन सहमति

भ्रष्टाचार की इस पटकथा के मुख्य सूत्रधारों में सचिव कपिल पटेल और क्षेत्र के उपयंत्री की भूमिका सबसे संदिग्ध है। तकनीकी अधिकारी होने के नाते उपयंत्री का दायित्व निर्माण की गुणवत्ता जांचना है, लेकिन यहां तो उनकी नाक के नीचे घटिया स्तर की पुलिया खड़ी कर दी गई। बिना रॉयल्टी जांचे और बिना गुणवत्ता परखे बिल पास करना इस बात का प्रमाण है कि उपयंत्री के संरक्षण में ही भ्रष्टाचार का यह खेल खेला जा रहा है।

### अवैध खनिज का खेल और रॉयल्टी की चोरी

पुलिया निर्माण में इस्तेमाल किए गए खनिज (रेत, पत्थर) आपूर्ति करने फर्मों पर भी गंभीर सवाल कर रहे हैं। आखिरकों ने खनिज कहां से लाया, पंचायत के पास इन सामग्रियों की रॉयल्टी की रसीदें उपलब्ध क्यों नहीं हैं? यह सीधे तौर पर राजस्व की चोरी का मामला है। जांच इस बिंदु पर भी होनी चाहिए कि जिन फर्मों को भुगतान किया गया, क्या वे वाकई अस्तित्व में हैं या सिर्फ कागजी खानापूर्ति के लिए उन्हें खड़ा किया गया है।

**इनका कहना है**

आप क्या जानना चाहते हैं, अभी मैं बिजी हूं, फिर आपसे बात करता हूं।

**कपिल पटेल**

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर के हालात बद्तर

▶ स्थिति सुधारने सिविल अस्पताल की मांग



**चिल्हारी नवभारत 7 मई।** राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ से सटे, अनुसूचित जाति, जन जाति और अति पिछड़ा क्षेत्र मानपुर विधान सभा क्षेत्र मुख्यालय नगर परिषद मानपुर में स्वास्थ्य केंद्र, रेस्ट हॉउस, रेलवे सुविधा, उद्योग और स्थाई बस स्टैंड के अभाव से क्षेत्र में विकास का ग्राफ बड़ी तेजी से नीचे की ओर बढ़ते दिख रहा है, और स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति भी बड़े तेजी से गड़बड़ाई हुई है।

मानपुर ब्लॉक में आधा दर्जन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और तकरीबन 76 उप स्वास्थ्य केन्द्र होने के बावजूद भी कुल चार डॉक्टर पदस्थ होने की खबर है, जिससे कई स्वास्थ्य केन्द्र बिना डॉक्टर के संचालित रहते हैं।

### उपस्थिति को लेकर सवाल

सूत्रों के अनुसार यहां के कार्यालय में बीएमओ, बीपीएम, आरसीएच क्लर्क के साथ कई पदाधिकारियों की उपस्थिति एकाध दिन ही हो पाती है, जबकि इस समय मैपिंग थैम्स से आनलाइन हाजिरी लगाने का प्रावधान है। प्रश्न चिन्ह बन के उभर रहा है कि ऐसे में बाकी के दिन ऐसे अधिकारियों की हाजिरी कैसे और कहां से लगती होगी तथा वेतन जारी कैसे हो पाता होगा?

### पलंग व्यवस्था, सफाई और दवाइयों की कमी

मानपुर के सांथ क्षेत्र के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाई की कमी बनी रहती है दिनांक 02,05,2026 मानपुर स्वास्थ्य केन्द्र में कुछ मरीजों ने बताया कि यहां कान आंख के ड्राफ, टीटी के इंजेक्शन, ताकत वाले सिरप, पाचक, ग्लीसरीन, गरम पट्टी अथवा चोंट में लगाने के लिये ट्यूब और पट्टी जैसे कई दवाइयां की कमी बनी ही रहती है, कई बार तो निडिल सिरेंज भी बाजार से मंगवाना पड़ता है।

**आवारा पशु व कुत्तों का रहता है डेरा**

बाउन्ड्री और पानी के अभाव से मरीज रहते हैं परेशान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानपुर में बांउड्रीबाल और मेन गेट नहीं होने से आवारा पशु और कुत्तों का डेरा बना रहता है। यहां पानी व्यवस्था नहीं होने से एनआरसी के ट्यूवेल से पानी की व्यवस्था करवाई जाती है जिससे पर्याप्त पानी मिलने की सुविधा नहीं है, वहीं मरीज को लानने वाले साथियों को अपने गाड़ी बाहन खड़े करने के लिये छाया एवं मरीजों के सांथियों के लिये स्वच्छ ठंडे पेय जल तक की व्यवस्था नहीं है।

# उप डाकघर में आधार महाअभियान 8 व 9 को




**चिल्हारी नवभारत 7 मई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आम नागरिकों को आधार सेवाओं का अधिकतम लाभ देने के उद्देश्य से 8 और 9 मई को दो दिवसीय आधार महाअभियान आयोजित किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में डाक अधीक्षक शहडोल ने विज्ञप्ति जारी कर जिले एवं नगर वासियों से अपील की है कि वे अपने नज़दीकी आधार केंद्र पहुंच कर आधार से जुड़े सभी समस्याओं का समाधान कराए। अभियान के तहत दोनों दिनों में सुबह 8 बजे से शाम को 6 बजे तक जिले के सभी डाक घरो एवं चयनित आधार केंद्रों पर सेवाएं लगातार उपलब्ध रहेंगी। उप डाकघर मानपुर में भी विशेष व्यवस्था की गई है ताकि अधिक से अधिक लोगों को एक स्थान पर सभी सुविधाओं का लाभ ले सके।

### नए नामांकन से लेकर अपडेट तक सब एक ही जगह

इस महाअभियान के दौरान नया आधार नामांकन, नाम, पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि सहित अन्य जानकारी को अपडेट किया जाएगा जिन लोगों के आधार मे त्रुटि है या जिनका मोबाइल नंबर लिंक नहीं है उनके लिए यह विशेष अवसर माना जा रहा है। विभाग ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ध्यान में रखते हुए उप डाकघर मानपुर में भी सेवाएं सुनिश्चित की है ताकि दूर दराज के नागरिकों को परेशानी नहीं हो।





# डैम घाट में बच्चे खेल-खेल में सीख रहे तैराकी

▶ पानी में छलांग लगाकर साहस का कर रहे प्रदर्शन

**डिंडौरी, नवभारत 7 मई।** गर्मी की छुट्टियां शुरू होते ही जिला मुख्यालय स्थित नर्मदा के प्रसिद्ध डैम घाट में बच्चों की रौनक बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय बड़ी संख्या में नन्हें बच्चे जलक्रीड़ा करते और तैराकी सीखते नजर आ रहे हैं।

कोई पानी में छलांग लगाकर अपने साहस का प्रदर्शन कर रहा है तो कोई दोस्तों के साथ तैरने का अभ्यास करते हुए छुट्टियों का आनंद ले रहा है। डैम घाट में इन दिनों बच्चों की टोली पूरे उत्साह के साथ नदी में उतर रही है। ग्रामीण परिवेश में तैराकी को पारंपरिक हुनर माना जाता है और बच्चे कम उम्र से ही इसे सीखना शुरू कर देते हैं। छुट्टियों के दौरान यह नजारा और भी खास हो जाता है, जब बच्चे घंटों नदी किनारे खेलते-कूदते दिखाई देते हैं।

**गहरे पानी में अकेले नहीं जाने की दी जाती है सलाह**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नर्मदा से जुड़ाव यहां की संस्कृति का हिस्सा है। बच्चे खेल-खेल में तैराकी सीखकर आत्मविश्वास और साहस भी विकसित कर रहे हैं। हालांकि घाट पर मौजूद लोगों ने अभिभावकों से बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और गहरे पानी में अकेले नहीं जाने देने की अपील भी की है। नर्मदा के डेमघाट पर इन दिनों दिख रही बच्चों की यह चहल-पहल गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाने के साथ ही प्राकृतिक जीवनशैली और ग्रामीण संस्कृति की सुंदर तस्वीर पेश कर रही है।

# आबकारी एक्ट के आरोपी व स्थायी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**नवभारत उमरिया 7 मई।** पुलिस अधीक्षक उमरिया विजय भागवानी एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया सीताराम के निर्देशन में चौकी घुनघुटी पुलिस टीम को एक आबकारी एक्ट के आरोपी और स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

विदित हो कि चौकी घुनघुटी क्षेत्रान्तर्गत 20 अक्टूबर 2025 को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम खिचकिड़ी में रासहाय सिंह गोंड के घर की परछी में 108.84 लीटर देशी एवं अंग्रेजी अवैध शराब बिक्री हेतु रखे पाये जाने पर आरोपी रासहाय सिंह गोंड एवं शेषमन यादव के विरूद्ध थाना पाली में आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया था। प्रकरण में आरोपी रासहाय सिंह गोंड को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में आरोपी शेषमन यादव घटना दिनांक से फरार था। पुलिस टीम के प्रयासों के परिणामस्वरूप 9 माह से फरार ईनामी आरोपी शेषमन यादव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। आरोपी के विरूद्ध 5 साल पुराने प्रकरण में न्यायालय स्थाई वांरट जारी किया गया था।

### यात्रियों का जत्था बद्रीनाथ धाम के लिए रवाना

**चिल्हारी नवभारत।** मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम चिल्हारी से उत्तराखण्ड के विशाल बद्रीनाथ धाम की यात्रा केलिए रमाकांत तिवारी चिल्हारी के नेतृत्व एवं इन्दवार विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र वर्मा के नेतृत्व में रवाना हुआ। सभी यात्री ट्रेन से यात्रा करते हुए उत्तराखंड की पावन भूमि हरिद्वार रिषिकेश धार्मिक स्थलों तथा प्राकृतिक सुंदरता सम्पदा पर्वत श्रंखलाओं का दुर्लभ दर्शन कर वापस आएंगे। बद्रीनाथ धाम यात्रा पर निकले सभी यात्रियों ने रिषिकेश धार्मिक स्थल पर मां गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। शाम की मां गंगा आरती में श्रद्धालुओं का जनसैलाब भारी संख्या में प्रतिदिन उमड़ता है।

# डैम घाट में नाव संचालकों को दिए सख्त निर्देश



**डिंडौरी, नवभारत 7 मई।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार वाटर टूरिज्म गतिविधियों को सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से डैम घाट डिंडोरी में नाव संचालन करने वाले संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन द्वारा सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सीएमओ अमित तिवारी ने सभी नाव संचालकों को अनिवार्य रूप से अपने नावों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक नाव में पर्याप्त संख्या में लाइफ सेफ्टी जैकेट उपलब्ध रखने आपात स्थिति से बचाव हेतु ट्यूब एवं अन्य सुरक्षा उपकरण रखने के लिए कहा गया।


### प्रतिकूल परिस्थितियों में नाव नदी में नहीं ले जाएं

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि तेज हवाए खराब मौसम अथवा प्रतिकूल परिस्थितियों में किसी भी स्थिति में नाव को नदी में नहीं ले जाया जाए। प्रशासन ने कहा कि पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

संकट

भीषण गर्मी में सूखने लगे पेयजल के स्रोत

# अनियंत्रित बोरिंग से उमरिया में गहराया जल संकट



**चिल्हारी नवभारत 7 मई।** उमरिया जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच जल संकट लगातार विकराल रूप लेता जा रहा है। हालात ऐसे बन गए हैं कि गांवों से लेकर कस्बों तक लोग पेयजल के लिए परेशान दिखाई दे रहे हैं। इस बढ़ते संकट के पीछे अनियंत्रित बोरिंग को बड़ी वजह माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि जिले की सीमाओं के आसपास बोरिंग पर प्रतिबंध या नियंत्रण नहीं होने के कारण पड़ोसी जिलों से बड़ी संख्या में बोरिंग मशीनें उमरिया पहुंच रही हैं और लगातार गहरी बोरिंग की जा रही है, जिससे भूजल स्तर तेजी से नीचे खिसकता जा रहा है, जबकि उमरिया कलेक्टर द्वारा पूर्व वर्षों में गर्मी के समय बोरिंग कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया जाता था, लेकिन वर्तमान में प्रतिबंध नहीं होने के कारण लगातार बोरिंग का कार्य किया जा रहा है।

### स्थिति पहले से अधिक चिंताजनक

उमरिया जिला के पड़ोसी जिलों में बोरिंग का कार्य जिला कलेक्टर द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए बैन कर दिया गया है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष गर्मी के मौसम में हैंडपंप और कुएं प्रभावित होते हैं, लेकिन इस बार स्थिति पहले से अधिक चिंताजनक बन गई है। कई गांवों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं, जबकि कुओं का जलस्तर काफी नीचे पहुंच चुका है।

### ग्रामीण पानी के लिए भटक रहे

ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि बाहरी जिलों से आने वाली बोरिंग मशीनों पर निगरानी रखी जाए तथा बिना अनुमति किए जा रहे बोरिंग कार्यों पर तत्काल रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में जिले को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### सीमित भूजल उपयोग जैसे उपाय किए जाएं

विशेषज्ञों का भी मानना है कि बिना किसी वैज्ञानिक योजना के लगातार हो रहा भूजल दोहन पर्यावरणीय संतुलन को बिगाड़ सकता है। जानकारों ने वर्षा जल संरक्षण, जल संवर्धन अभियान और सीमित भूजल उपयोग जैसे उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करने की आवश्यकता बताई है। भीषण गर्मी, घटते जलस्तर और बढ़ती पानी की समस्या ने अब प्रशासन की चिंता भी बढ़ा दी है।

# बच्चों के सही चिन्हांकन की दी गई जानकारी

▶ वजन अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण



**चिल्हारी नवभारत 7 मई।** जिला कलेक्टर राखी सहाय एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में कुपोषण मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी परियोजनाओं में कार्यरत आंगनवबड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

यह प्रशिक्षण प्रतिमाह 11 से 20 तारीख तक आयोजित होने वाले वजन अभियान से पूर्व आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को बच्चों का सही चिन्हांकन, वजन एवं लंबाई मापन की तकनीकों की जानकारी दी गई, ताकि अभियान के दौरान बच्चों का सटीक आकलन किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सही मापन के माध्यम से अति गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की पहचान आसानी से हो सकेगी।

### बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाना उद्देश्य

इस पहल का उद्देश्य बच्चों की समय पर उचित देखभाल एवं पोषण प्रबंधन सुनिश्चित कर उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। विभाग द्वारा निर्देश दिए गए कि अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ता निर्धारित मानकों के अनुसार मापन कार्य करें, जिससे जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को गति मिल सके।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **हरीश कुमार पिता** श्री दरोगा सैयाम उम्र 45 वर्ष जाति परधान पता-ग्राम बीजापुरी पो. चांदरानी थाना-समनापुर तहसील व जिला डिण्डौरी (म.प्र) का स्थायी निवासी हूँ। यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र का वास्तविक नाम सनम सैयाम है। जो कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के जन्मप्रमाण एवं अंकसूची व अन्य शासकीय दस्तावेजों मे अंकित है। जो कि सही है। यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड मे पुत्र का नाम अयासु (AYASU) त्रुटिवश अंकित कर दिया गया है। जो कि गलत है। अतः यह कि मुझ शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड मे दर्ज नाम अयासु (AYASU) के स्थान पर सही नाम **सनम सैयाम** दर्ज करना चाहता हूँ। जिस वास्ते शपथ-पत्र एवं सूचना का प्रकाशन करवा रहा हूँ।

**स्थान- डिण्डौरी (म.प्र.)**
**दिनांक-05/05/2026**

भवदीय/शपथकर्ता
**हरीश कुमार**